# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र–231216

**E-Mail Id**-eecdjnsonebhadra@gmail.com ***CUG Mobile No.***- +91 9473941817


पत्रांक 1206 / ω-16 / 120 दिनांक– 27-06-2026

सेवा में,

**जिलाधिकारी,**
**सोनभद्र।**

**विषयः–** **दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान में दिनांक 22 जून 2026 को प्रकाशित शीर्षक "हर घर जल योजना से बनी टंकी, घरों तक नहीं पहुंची पाइप लाइन" की आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान में दिनांक 22 जून 2026 को प्रकाशित शीर्षक "हर घर जल योजना से बनी टंकी, घरों तक नहीं पहुंची पाइप लाइन" के सम्बन्ध में आख्या निम्नानुसार है–

उक्त के सम्बन्ध में अगवत कराना है कि जनपद सोनभद्र के विकास खण्ड म्योरपुर के ग्राम पंचायत रनटोला में जल जीवन मिशन "हर घर जल" योजनान्तर्ग मेंसर्स जी0वी0पी0आर0 लि0 द्वारा कराया जा रहा है। योजना के पुनरीक्षित डी0पी0आर0 में उक्त ग्राम को सम्मिलित किया गया था। ग्राम रनटोला में पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। वर्तमान में पाइप लाइन टेस्टिंग एवं कमिशनिंग एवं गृह संयोजन का कार्य प्रगति पर है, जिसको माह जुलाई 2026 में पूर्ण कर शत्प्रतिशत गृह संयोजनों को जलापूर्ति प्रारम्भ किया जाना सम्भावित है।

जनपद सोनभद्र में पेयजल संकट के निवारण हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी एवं विकास खण्ड स्तर पर वार्ता कर पेयजल संकट ग्रस्त ग्रामो में टैंकर के माध्यम से पेयजलापूर्ति किये जाने हेतु योजना तैयार की गयी है। गर्मी के दिनों में पेयजल से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण हेतु खण्ड स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसमें मो0नं0– 9555407375 व 6392808813 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। अधिक जानकारी के लिए जल शारथी एप के माध्यम से पेयजल की वर्तमान स्थिति देखी जा सकती है। कृपया उक्त प्रकरण को निक्षेपित कराने की कृपा करें।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

<u>पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।</u>

**प्रतिलिपिः**– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, सोनभद्र।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, सोनभद्र।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर।
6. सम्बन्धित परियोजना प्रबन्धक, जल जीवन मिशन, सोनभद्र।

अधिशासी अभियन्ता

# हर घर जल योजना से बनी टंकी, घरों तक नहीं पहुंची पाइपलाइन

Jun 22, 2026 01:00 am IST

**Newswrap** **हिन्दुस्तान**, सोनभद्र

Preferred

> हर घर जल योजना से बनी टंकी, घरों तक नहीं पहुंची पाइपलाइन घर जल (जल जीवन मिशन) योजना का लाभ विकास खंड म्योरपुर के ग्राम पंचायत रनटोला के ग्रामीणों को अ

AI Quick Read

म्योरपुर, हिन्दुस्तान संवाद। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री हर घर जल (जल जीवन मिशन) योजना का लाभ विकास खंड म्योरपुर के ग्राम पंचायत रनटोला के ग्रामीणों को अब तक नहीं मिल सका है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में केवल पानी की टंकी का निर्माण कराया गया, लेकिन घर-घर जलापूर्ति के लिए आवश्यक पाइपलाइन आज तक नहीं बिछाई गई। इससे ग्रामीणों को पेयजल के लिए आज भी कुएं, हैंडपंप और दूर स्थित आरओ प्लांट पर निर्भर रहना पड़ रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के 75 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी आदिवासी बहुल इस क्षेत्र में सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर नहीं पहुंच पाता।

Story continues below advertisement

**ये भी पढ़ें:** तीन साल बाद भी घरों में नल से नहीं टपका एक बूंद पानी

सरकार जहां हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का दावा कर रही है, वहीं रनटोला की हकीकत इन दावों से अलग दिखाई देती है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में उपलब्ध अधिकांश हैंडपंप और कुओं का पानी पीने योग्य नहीं है। ऐसे में लोगों को मजबूरी में दूर स्थित आरओ प्लांट से पानी लाना पड़ता है। उनका कहना है कि यदि जल्द पाइपलाइन बिछाकर जलापूर्ति शुरू कर दी जाए तो पेयजल की समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी। ग्रामीण ईश्वर, जयराम, बुद्धन, बच्चनलाल, हीरालाल, मानिकचंद्र, अरविंद, प्रेमप्रकाश, रामानंद, अर्जुन, प्रशांत दुबे, राधे, गोविंद यादव, जयनाद, रामजनम, अंतलाल सहित अन्य लोगों ने विभागीय अधिकारियों से शीघ्र पाइपलाइन बिछाकर नियमित जलापूर्ति शुरू कराने की मांग की है। हर घर जल योजना की शुरुआत 15 अगस्त 2019 को हुई थी। योजना का उद्देश्य वर्ष 2024 तक प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना था। हालांकि रनटोला समेत क्षेत्र के कई गांवों में अभी तक पाइपलाइन ही नहीं बिछाई गई है। ऐसे में ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि जब मूलभूत ढांचा ही तैयार नहीं हुआ, तो घर-घर पानी पहुंचाने का लक्ष्य कैसे पूरा होगा। इस संबंध में कार्यदायी संस्था जीवीपीआर के अभियंता सुधीर कुमार ने बताया कि फिलहाल अन्य ग्राम पंचायतों में पाइपलाइन बिछाने का कार्य चल रहा है। वहां का कार्य पूरा होने के बाद रनटोला में भी पाइपलाइन निर्माण शुरू कराया जाएगा।

## कृपया अपने अनुभव को रेट करें

लेखक के बारे में

**Hindustan**

हिन्दुस्तान भारत का प्रतिष्ठित समाचार पत्र है। इस पेज पर आप उन खबरों को पढ़ रहे हैं, जिनकी रिपोर्टिंग अखबार के रिपोर्टरों ने की